प्रादेशिक समाचार

दिनांक–16.09.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

- केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने रबी मौसम 2025–26 के लिए खाद्यान्न उत्पादन का राष्ट्रीय लक्ष्य 362 दशमलव 50 मिलियन टन किया निर्धारित, पिछले वर्ष से 2 दशमलव 4 प्रतिशत अधिक।
- राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने एम्स देवघर के छठे वार्षिकोत्सव समारोह में नई चिकित्सा इकाइयों और उपकरणों का किया उद्घाटन, कहा– यह केवल संस्थान का उत्सव नहीं बल्कि सेवा और संकल्प की यात्रा है।
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान ने खूंटी में अधिवक्ताओं के लिए बार भवन का किया शिलान्यास।
- दुमका में मईया अजीविका सिलाई केंद्र का हुआ शुभारंभ, महिलाओं को प्रशिक्षण और सिलाई मशीन के लिए ऋण कराया गया उपलब्ध।
- मौसम विभाग ने 18 सितंबर तक राज्य में भारी बारिश का जारी किया अलर्ट।

****

केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने घोषणा की है कि 2025–26 के रबी मौसम के लिए खाद्यान्न उत्पादन का राष्ट्रीय लक्ष्य 362 दशमलव 50 मिलियन टन निर्धारित किया गया है। श्री चौहान ने राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन–रबी अभियान 2025 के दौरान राज्य के कृषि मंत्रियों के साथ चर्चा की अध्यक्षता करने के बाद नई दिल्ली में एक संवाददाता सम्मेलन में यह घोषणा की। उन्होंने बताया कि इस वर्ष का लक्ष्य 2024–25 में प्राप्त खाद्यान्न उत्पादन से 2 दशमलव 4 प्रतिशत अधिक है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने आज एम्स देवघर के छठे वार्षिक दिवस समारोह में कहा कि यह केवल संस्थान का उत्सव नहीं, बल्कि सेवा, समर्पण और संकल्प की यात्रा का उत्सव है। उन्होंने 750 बेड वाले सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल की आधुनिक चिकित्सा सुविधाओं और क्षेत्रीय मरीजों तक इसकी पहुँच की तारीफ की। राज्यपाल ने कहा कि चिकित्सक केवल रोग का उपचार नहीं, बल्कि आशा और विश्वास भी प्रदान करते हैं और एम्स देवघर 'विकसित भारत/2047' के लक्ष्य में योगदान दे रहा है।

****

देवघर एम्स में नवजात आईसीयू में अब कुल आठ बेड की सुविधा उपलब्ध होगी। और जानकारी के साथ हमारे संवाददाता–

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और झारखंड हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान ने खूंटी के कचहरी मैदान में अधिवक्ताओं के लिए बार भवन का शिलान्यास किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान ने कहा कि बार भवन के निर्माण से न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आएगी। वहीं मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि राज्य के सभी जिलों और अनुमंडलों में न्यायिक आधारभूत संरचनाओं को सुदृढ़ किया जाएगा।

****

रांची में पुलिस महानिदेशक ने आगामी दुर्गा पूजा को लेकर राज्यभर के आला पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में सभी पूजा पंडालों का सत्यापन, सीसीटीवी, अग्निशमन, आपातकालीन चिकित्सा व्यवस्था, ट्रैफिक व पार्किंग प्रबंधन और सोशल मीडिया पर निगरानी जैसे सुरक्षा उपायों का निर्देश दिया गया। उन्होंने जुलूस मार्गों की वीडियोग्राफी, डीजे पर नियंत्रण और भीड़ नियंत्रण के लिए दंगा रोधी संसाधनों से लैस बल की तैनाती सुनिश्चित करने को कहा।

****

इस वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर लाल किला की प्राचीर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जीएसटी सुधारों की अगली पीढ़ी की घोषणा की थी। इस महीने की 3 तारीख को उनका यह सपना साकार हुआ, जब जीएसटी परिषद ने नागरिकों के जीवन को आसान बनाने के लिए कई क्षेत्रों में कर दरों में कटौती की। आज, हम कृषि क्षेत्र विशेषकर ट्रैक्टरों के लिए सुधारों पर एक नज़र डालते हैं।

****

दुमका जिले में झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसायटी (जेएसएलपीएस) के माध्यम से मईया अजीविका सिलाई केंद्र का शुभारंभ किया गया। इस केंद्र में 24 सखी मंडल की दीदियों को सिलाई–कढ़ाई का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के उपरांत प्रत्येक दीदी को सिलाई मशीन के लिए 10 हजार रुपये का ऋण उपलब्ध कराया गया। दुमका विधायक बसंत सोरेन ने केंद्र का उद्घाटन किया और बताया कि हेमंत सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है।

****

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि सूर्या हांसदा का एनकाउंटर नहीं बल्कि पत्थर माफिया दलाल बिचौलियों के इशारे पर हत्या हुई है। आज रांची में प्रेस वार्ता कर उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग ने इस मामले में सीबीआई जांच की अनुशंसा की है। दीपक प्रकाश ने कहा कि न्याय मिलने तक भाजपा सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करती रहेगी।

****

इधर प्रदेश कांग्रेस महासचिव राकेश सिन्हा ने दीपक प्रकाश के बयानों पर तंज कसते हुए कहा कि भाजपा अब अपराधियों के सहारे अपनी खोई हुई जमीन तलाशने का काम कर रही है। उन्होंने महागठबंधन सरकार की विकास योजनाओं से विचलित भाजपा की हताशा पर भी सवाल उठाया।

****

मौसम विभाग ने राज्य में 18 सितंबर तक भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना जताते हुए भूस्खलन, जलजमाव, फसल नुकसान और कच्चे मकानों को नुकसान जैसे खतरों के अनुमान जताया है। मौसम विभाग ने कल देवघर, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, जामताड़ा, पाकुड़, साहेबगंज, कोडरमा, चतरा, गढ़वा, पलामू और हजारीबाग जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है और लोगों से नदियों में मछली पकड़ने या बहते पानी में जाने से बचने की सलाह दी है।

*******समाप्त********